हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 1 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर करें निराकरण

4




## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार पर अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना सुशासन का मूल आधार है। विदित हो कि गत वर्ष "सुशासन तिहार" का सफल आयोजन किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। इसी क्रम में इस वर्ष भी शासन द्वारा "सुशासन तिहार का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के संबंध में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। बिना पूर्व सूचना के कोई भी अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर, सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे, जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेंगे। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मोबाइल नंबर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेंगे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 6 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत भाठापारा (लछनपुर) में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु 6 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा ने बताया कि आवेदन कार्यालयीन समय में ऑनलाईन लिंक के माध्यम से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से संपर्क किया जा सकता है।

### अठोरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**राहौद।** अठोरिया यादव समाज छत्तीसगढ़ का वार्षिक अधिवेशन 2 में को राहौद में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, अध्यक्षता देवेंद्र यादव विधायक भिलाई नगर राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, श्रीमती प्रतिभा कश्यप अध्यक्ष नपं राहौद, श्रीमती पुष्पलता सन्नी यादव जनपद सदस्य जनपद पंचायत पामगढ़, मनोज यादव सरपंच मुड़पार होंगे। समाज विकास एकता अखंडता गतिशीलता के लिए हर साल वार्षिक अधिवेशन किया जाता है इस अधिवेशन में प्रदेश जिला ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी उपस्थित होकर समाज विकास में सकारात्मक विचार रखेंगे वार्षिक अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने हेतु यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जवाहर यादव द्वारा अपील किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज के गतिविधि को आगे बढ़ाएं।

## आधी रात घर घुसकर दो सगे भाइयों पर किया था हमला, बडे भाई की हुई थी मौत

# करही गोलीकांड : सप्ताह भर बाद भी हत्यारों का कोई सुराग नहीं, जांच के नाम पर हवा में हाथ-पैर मार रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

करही गोलीकांड को पूरे सात दिन हो गए। इस मामले की जांच के लिए पुलिस ने करीब दो दर्जन अधिकारियों की लंबी चौड़ी टीम भी गठित की है। इसके अलावा रेंज स्तर से भी कुछ विशेषज्ञ अफसरों को भेजा गया है, परंतु अफसोस घटना के सप्ताह भर बाद भी हत्यारों का कही कोई सुराग नहीं लग सका है। दुस्साहसिक ढंग से इतनी बडी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बड़ी आसानी से भाग निकले। वहीं उनकी तलाश में जुटी पुलिस टीम जांच के नाम पर हवा में हाथ पैर मार रही है। इधर इस तरह की वारदात और होने वाली कार्रवाई को देखते हुए आम लोग अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर सोचने पर विवश है।

गौरतलब है कि बीते गुरूवार 23 अप्रैल की रात्रि करीब 12:30 बजे 3 अज्ञात नकाबपोश युवकों ने बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव में कांग्रेस नेता और व्यापारी समेलाल कश्यप के घर धावा बोला था। सुनोयोजित तरीके से पहुंचे हथियारबंद नकाबपोशों ने घर के ऊपर कमरे में सो रहे भाईयों को जगाने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलते ही उन्होंने फायरिंग कर दी। घटना में बडे भाई आयुष कश्यप उम्र 19 वर्ष के सिर और सीने पर गोली लगी, जिससे वह वही पर गिर पड़ा। दूसरे भाई आशुतोष कश्यप उम्र 16 वर्ष के हाथ और कंधे में गोली लगी। पूरी घटना बड़ी बहन प्रेरणा कश्यप के आंखों के सामने घटित हुई। आरोपी कमरे में रखे नगदी और मोबाइल फोन भी लूटकर भाग निकले। उन्होंने आयुष के माता पिता के कमरे का दरवाजा भी बाहर से बंद कर दिया था। आधी रात को गोली चलने की आवाज और चीख पुकार सुनकर पडोसियों सहित मोहल्ले वाले उठ गए। लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। परिजनों व पडोसियों की मदद से अचेत पड़े आयुष और घायल आशुतोष को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत आयुष को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि आशुतोष को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। गोलीकांड की सूचना पर पुलिस टीम हरकत में आई। जांजगीर चांपा जिले के साथ पडोसी जिला सक्ती के पुलिस अधिकारी घटना स्थल पहुंचे। चारों तरफ नाकेबंदी के साथ जांच पड़ताल शुरू की गई। फोरेसिंक एक्सपर्ट की मदद भी ली गई। इस मामले में एडीशनल एसपी के नेतृत्व में करीब दो दर्जन अफसरों की जांच टीम गठित की गई। वहीं आईजी बिलासपुर ने विशेषज्ञ अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश भेजा। घटना के बाद से पुलिस टीम लगातार जांच पड़ताल कर रही है। संदेहियों से पूछताछ करने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है, लेकिन जांच प्रक्रिया को चलते पूरे सप्ताह भर बीत गए और हत्यारों का कही कोई सुराग नहीं लग सका है। खास बात यह है कि परिजनों ने हत्या का कारण व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा और रेत के कारोबार बताया है। गांव में भी इसी बात की चर्चा पहले दिन से ही हो रही है। इतना ही नहीं रेत के इस अवैध कारोबार के कारण पूर्व में भी यहां हत्या और हिंसक वारदातें होने की बातें सामने आई है। बावजूद इसके पुलिस अभी तक हत्यारों की पतासाजी नहीं कर सकी है।

### रेत के कारोबार को बताया था कारण फिर भी नहीं मिल रही सफलता



#### आईजी के अनुसंधान प्रशिक्षण की अग्नि परीक्षा

अभी दो दिन पहले आईजी रामगोपाल गर्ग ने रेंज भर के पुलिस अफसरों को हत्या के गंभीर प्रकरणों की हाईटेक तकनीक और सूक्ष्मता से अनुसंधान करने को लेकर वर्चुअल प्रशिक्षण दी थी। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने तकरीबन दर्जन भर बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विवेचना के तकनीक बताए थे। अब देखना यह है कि करही गोलीकांड में यह प्रशिक्षण कितना कारगर साबित होता है।

#### हर एंगल से जांच

करही गोलीकांड की जांच के लिए एएसपी के नेतृत्व में टीम बनाई गई है। रेंज से भी विशेषज्ञ अफसरों की मदद ली जा रही है। हर एंगल से मामले की जांच कर रहे है। संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुरूप जांच प्रक्रिया चल रही है। मामले का शीघ्र पर्दाफाश होने की उम्मीद है।

-निवेदिता पाल,
प्रभारी एसपी जांजगीर

## फसल तैयार होने हफ्ते-दस दिन पानी की और जरूरत, किसान चिंतित

# 30 अप्रैल की मियाद पूरी, ना जाने कब बंद हो जाए नहर की धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में रबी की खेती करने वाले किसान पानी को लेकर एक बार फिर चिंतित है। दरअसल रबी फसल के लिए पानी देने की मियाद 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी और यह मियाद खत्म हो गई, जबकि किसानों की फसलों में अभी बालियां नहीं आ पाई है। फसल तैयार होने में कम से कम हफ्ते-दस दिन पानी की और जरूरत बताई जा रही है, लेकिन नहर से पानी देने की अवधि बढ़ाने पर अभी कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जिला जांजगीर चांपा में किसान खरीफ के साथ ही रबी में भी धान की फसल लेते है। जिले में नहरों का जाल बिछा है। हसदेव बांगो नहर से खेतों की सिंचाई होती है। गर्मी में भी किसान नहर के पानी से सिंचाई कर धान की पैदावार करते है। इस बार भी रबी फसल की सिंचाई के लिए जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही नहरों पर पानी छोड़ा गया। नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़ क्षेत्र में सिंचाई के लिए नहर की धार खोली गई। नहर में पानी आते ही किसानों ने धान की खेती की। फसल अब काफी हद तक तैयार हो चुकी है और सप्ताह भर से लेकर 10 दिन तक और पानी की आवश्यकता है। इधर सिंचाई विभाग द्वारा 30 अप्रैल तक नहर में पानी देने की मियाद तय की गई थी। यह अवधि अब समाप्त हो चुकी है। इधर स्थिति को देखते हुए किसानों द्वारा पहले ही पानी देने की तिथि बढ़ाने की मांग की जा चुकी है। नवागढ़ क्षेत्र के किसानों ने 10 मई तक पानी देने की मांग रखी है। वहीं अकलतरा क्षेत्र के किसानों ने 7 मई तक नहर से पानी सप्लाई करने की मांग की है। दूसरी ओर किसानों की मांग पर अभी तक विभाग द्वारा निर्णय नहीं लिया जा सका है। तय अवधि 30 अप्रैल को हालांकि नहर की धार नहीं थमी, लेकिन कब तक नहर पर पानी चलेगा, इसे लेकर कोई भी ठोस जानकारी नहीं दे पा रहा है। इधर फसल की स्थिति को देखते हुए किसान एक बार फिर चिंता में डूबे नजर आ रहे है। किसानों का कहना है कि धान की फसल में अब बालियां आने वाली है। ऐसे समय में फसल को पानी की जरूरत पड़ती है। गर्मी के मौसम में नहर के भरोसे ही सिंचाई कर खेती की है। अब अगर पानी बंद हो जाता है तो आगे काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

#### उच्चाधिकारियों को कराया अवगत

नहर अभी बंद नहीं हुई है। किसानों ने 10 मई तक पानी देने की मांग की है। किसानों की मांग से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। उच्च अधिकारियों के द्वारा इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

-शशांक सिंह,
ईई, जल संसाधन विभाग जांजगीर

# दर्जनों मेडिकल एवं कॉस्मेटिक संस्थानों में दबिश, पांच को नोटिस

## सही दवा शुद्ध आहार के तहत चला रहे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दुकान का निरीक्षण करते अधिकारी।

औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक मेडिकल एवं कॉस्मेटिक संस्थानों में जांच पड़ताल की गई। इस दौरान अनियमिता पाए जाने पर पांच मेडिकल संस्थान संचालकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। विभाग के टीम द्वारा सही दवा शुद्ध आहार के तहत अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

गौरतलब है कि औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सही दवा शुद्ध आहार अभियान के तहत मेडिकल एवं कॉस्मेटिक संस्थाओं की जांच की जा रही है। इसी के तहत बुधवार 29 एवं गुरुवार 30 अप्रैल को संयुक्त टीम द्वारा 14 मेडिकल संस्थानों की जांच की गई। जिन मेडिकल संस्थानों की जांच हुई उनमें पामगढ़ के मां संतोषी मेडिकल स्टोर गरिमा मेडिकल थवाइत मेडिकल थवाइत मेडिकल हॉल मां मनका मेडिकल साहू मेडिकल स्टोर, मां प्रज्ञा मेडिकल, सीमा मेडिकल, नवीन मेडिकल में जांच की गई। इसी प्रकार अकलतरा के अरोरा मेडिकल हॉल, पूनम मेडिकल अकलतरा एवं केडिया मेडिकल स्टोर अकलतरा में औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही की गई बताया जाता है कि इन मेडिकल संस्थानों में नारकोटिक्स औषधीय से संबंधित जांच की गई। साथ ही साथ क्रय विक्रय रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण को लेकर दिशा निर्देश भी विभाग की टीम द्वारा दिया गया। जांच के दौरान 5 मेडिकल संस्थानों में नियमों की अनदेखी के साथ-साथ अनियमितता पाई गई। जिसके कारण दुकान संचालकों को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी प्रकार संयुक्त टीम द्वारा शिवरीनारायण के मां दुर्गा हेमंत सुपरमार्केट संविका जनरल स्टोर, अनीता सिंगर, यादव जनरल स्टोर शुभम इंटरप्राइजेज, साकेत, नामदेव जनरल स्टोर समेत अन्य संस्थाओं में टीम द्वारा सामानों की जांच पड़ताल की गई। साथ ही साथ एक्सपायरी सामान दुकानों में नहीं रखने के निर्देश दिए गए। इस तरह हुई कार्यवाही से संस्थान संचालकों में हड़कंप मच गया है। इसी प्रकार सक्ती जिले के जैजैपुर एवं बाराद्वार क्षेत्र के कास्मेटिक दुकानों में कार्रवाई की गई। सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त टीम तहसीलदार पामगढ़ थाना प्रभारी पामगढ़ सहायक औषधि नियंत्रक रविंद्र कुमार गेंदले, औषधि निरीक्षक हितेंद्र बांबोड़े, नेहा मिंज, भुनेश्वर मोहले, दुर्गेश कैवर्त्य के द्वारा निरीक्षण किया गया।

## वेदांता पावर प्लांट सिंघीतरई हादसा मामले में 5 मई तक साक्ष्य प्रस्तुत करने का मिलेगा मौका

**सक्ती।** जिला सक्ती के तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम सिंघीतरई स्थित वेदांता पावर लिमिटेड में 14 अप्रैल को हुए हादसा तथा श्रमिकों की मृत्यु से जुड़े पहलुओं की जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी, डभरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस घटना से संबंधित किसी भी प्रकार के साक्ष्य, दस्तावेज या जानकारी 5 मई तक कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, डभरा के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। आमजन एवं संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति का कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## खाताधारक की जानकारी बिना 13 लाख का कर दिया फिक्स डिपाजिट, हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा




खाताधार को बिना जानकारी दिए उनके बैंक खाते से 13 लाख रुपए का फिक्स डिपाजिट कर दिया गया। इस मामले को लेकर पीडिता ने बैंक के उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक चांपा के खाताधारक मंजू रामचंद्र रावत का कहना है कि उनकी जानकारी व लिखित अनुमति के बिना, फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खाते से लगभग 13 लाख रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट कर दी गई। पीड़िता के अनुसार उनका खाता क्रमांक 177401502461 है और उन्हें इस एफडी की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंक के मुख्य कार्यालय नागपुर से हस्ताक्षर मेल न होने के संबंध में उन्हें फोन किया गया। पीड़िता का आरोप है कि 17 अप्रैल को बैंक के शाखा प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी शासकीय अस्पताल पहुंचे और गलती स्वीकार करते हुए मामले को आपसी समझौते से समाप्त करने का दबाव बनाया।मंजू रामचन्द्र रावत ने इस पूरे प्रकरण को बैंकिंग नियमों, ग्राहक विश्वास और सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन बताया है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक व विभागीय कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने एफडी से संबंधित सभी दस्तावेज, आवेदन पत्र, हस्ताक्षर रिकॉर्ड लिखित रूप में उपलब्ध कराने और भविष्य में बिना उनकी लिखित अनुमति के खाते से किसी भी प्रकार का लेनदेन न करने की मांग की है।

#### की जा रही जांच

बैंक में प्रार्थी द्वारा शिकायत की गई है। यह किसकी गलती से हुई है यह बैंक द्वारा जांच की जा रही है। खाताधारक का पैसा सुरक्षित है। वह किसी भी समय अपना सारा पैसा निकाल सकती है

-- नितेश दुबे,
ब्रांच मैनेजर, आईसीआईसीआई बैंक चांपा

## बारिश व हवा के चलते लोगों को गर्मी से मिली निजात

# मौसम ने ली करवट, अंधड़ के साथ होने लगी बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शहर में हुई बूंदाबांदी।

गुरूवार की देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली। इस बीच कुछ जगहों पर गरज, चमक एवं अंधड के साथ बारिश हुई। जिसके कारण जहां मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं लोगों को कुछ हद तक उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

गौरतलब है कि गुरूवार 30 अप्रैल की शाम ने मौसम में बदलाव शुरू हो गया। इस बीच चांपा क्षेत्र के सिवनी चांपा, बहेराडीह, बालपुर, कोसमंदा सहित जगहों पर बिजली चमक के साथ बूंदाबांदी हुई। जिसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। गुरूवार की शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाएं चलने लगी। आधे घंटे तक चले अंधड़ ने पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई। तेज अंधड़ और उसके बाद हुई वर्षा के कारण शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई। शहर के विभिन्न स्थानों में पेड़ के गिरने से मुख्य मार्गों सहित गली मोहल्लों के बिजली तार भी टूट कर गिर गए थे। जिसके कारण बिजली व्यवस्था बाधित हो गई थी। इस तरह देखा जाए तो पिछले तीन चार दिनों से इस तरह की स्थिति बनी हुई है। बिजली बंद होने के बाद लोग व्यवस्था बहाल के लिए बिजली अधिकारी और कर्मचारियों से फोन के माध्यम से जानकारी लेते रहे। इसके कारण कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार तीन चार दिनों पूर्व ब्लाक मुख्यालय नवागढ़ सहित आसपास के गांवों में भी शाम के समय हल्की बूंदाबांदी हो रही है। गुरूवार 30 अप्रैल को भी शाम के समय मौसम ने अचानक अपना मिजाज बदला। शाम 5 बजे बाद बलौदा, नवागढ़ सहित अन्य क्षेत्रो में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हुई है। जिसके चलते जहां लोगों को बेहाल करने वाली गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। हालांकि अभी गर्मी अपने पूरे प्रचंड में है। लोग 10 बजे के बाद से अपने घरों में ही दुबके नजर आते है।




## खबर संक्षेप



### एएसपी ने ट्रांसपोर्टरों एवं बालको प्रबंधन की ली संयुक्त बैठक

**कोरबा।** थाना बालको नगर क्षेत्रांतर्गत बालको के ट्रांसपोर्टरों एवं बालको प्रबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल द्वारा ली गई। जिसमें सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी बालको युवराज तिवारी उपस्थित रहे। सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत आयोजित बैठक में ट्रांसपोर्टरों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष रूप से भारी वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन एवं रात्रि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों के पीछे अनिवार्य रूप से रेडियमलगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा आगामी दिनों में विशेष अभियान चलाकर सघन चेकिंग एवं वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी। यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु सक्षम प्राधिकारी को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### जिला सराफा अध्यक्ष के नेतृत्व में थाना प्रभारी से की मुलाकात



**कोरबा।** मंगलवार को रामपुर थाना प्रभारी आस्था शर्मा एवं सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी से जिला सराफा अध्यक्ष रामकुमार सोनी अश्वनी सोनी अखिल देवॉगन ने सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान जिला सराफा अध्यक्ष ने दिव्या जवेलर्स के उठाईगीरी मामले पर चोरों को पकड़ने और चोरी गए सभी सामानों की बरामदगी के लिये आभार जताया। थाना प्रभारी आस्था शर्मा ने चर्चा के दौरान बताया कि उनकी टीम की सक्रियता सीएसपी साहब का मार्गदर्शन सीसीटीवी फ़ुटेज के सहयोग से हमें चोरों तक पहुँचने में सफलता मिली। साथ ही सभी जवेलर्स के लिये सतर्कता बरतने सीसीटीवी लगाने और अपने दुकान के बाहर सड़क पर नज़र रखने दोनों ओर कैमरा लगाने सुझाव दिया गया।

### राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई सीमा



**कोरबा।** राजधानी रायपुर में शिक्षा जगत का एक गौरवशाली आयोजन संपन्न हुआ। जहां राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025-26 से प्रदेश भर के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में कोरबा जिले की शिक्षिका सीमा स्वर्णकार (व्याख्याता) नेअपनी नवाचारी कार्य शैली से विशेष पहचान बनाते हुए कोरबा जिले का मान बढ़ाया है। यह आयोजन नवरी गतिविधियां समूह भारत की छत्तीसगढ़ टीम द्वारा ऐतिहासिक स्वामी आत्मानंद प्रोफेसर जे एन पांडे शासकीय उत्कृष्ट हिंदी मध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित 160 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट और नवाचारपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस हेतु कोरबा जिले की वरिष्ठ गणित की व्याख्याता श्रीमती सीमा स्वर्णकार को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक रत्न सम्मान 2025-26 से सम्मानित किया गया। इन्हें यह सम्मान नवाचारी प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु दिया गया है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य से 600 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए, चयन प्रक्रिया के तहत दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार और क्रॉस इंटरव्यू के बाद ही अंतिम सूची तैयार की गई जिसमें केवल जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को स्थान मिला।

# महिला आरक्षण बिल पर भिड़े सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में आयोजित नगर निगम का विशेष सम्मिलन हंगामे की भेंट चढ़ गया। महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। जहाँ सत्ता पक्ष ने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया, वहीं विपक्ष ने वर्तमान बिल को लागू करने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए।

सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि सम्मिलन में मुख्य रूप से दो प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उन्हें पारित किया गया। महापौर द्वारा महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले दलों के खिलाफ लाया गया। निर्दलीय पार्षद दल द्वारा सभी सदनों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रस्ताव रखा गया। महापौर संजूदेवी राजपूत ने विपक्षी दलों पर

**निगम के विशेष सम्मेलन में हुआ हंगामा**



कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हमेशा इसमें रोड़ा अटकाते हैं। उन्होंने तीन तलाक का उदाहरण देते हुए कहा कि विपक्षी दल केवल राजनीति कर रहे हैं। महापौर ने तर्क दिया कि यदि नए परिसीमन से महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व मिलता है, तो विपक्ष को इसमें आपत्ति नहीं होनी चाहिए। पार्षद और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है और राष्ट्रपति का अनुमोदन भी मिल गया है, तो उसे तत्काल लागू क्यों नहीं किया जा रहा? नए परिसीमन और जनगणना के नाम पर इसे लटकाया जा रहा है। क्या सरकार ने इसके लिए कोई आवश्यक सर्वे पूरा किया है? वहीं विशेष सम्मिलन के दौरान सदन का माहौल काफी गर्म रहा। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सत्ता पक्ष जहाँ इसे मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे चुनावी स्टंट करार देते हुए जनगणना और परिसीमन की पेचीदगियों पर घेराबंदी कर रहा है।

## आयुक्त ने सुशासन तिहार शिविरों के आयोजन हेतु जारी किया आदेश

# निगम के सभी जोन में सुशासन तिहार, समस्याओं का होगा निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार-2025 का आगाज 1 मई से होने जा रहा है, नगर पालिक निगम द्वारा सुशासन तिहार का वृहद आयोजन अपने सभी जोन में क्रमबद्ध रूप से निर्धारित तिथियों में किया जायेगा तथा निगम का

**खास बात**

- बनाए गए जोनवार प्रभारी, जिले के विभिन्न विभागों के भी काउंटर शिविर में होंगे स्थापित

पहला शिविर 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सुशासन तिहार शिविरों के आयोजन हेतु आदेश जारी कर जोनवार प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति करते हुये शिविरों का सफल आयोजन करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। उन्होने जिले के विभिन्न विभागों को शिविर आयोजन की सूचना देते हुये विभागों के काउंटर शिविर में स्थापित किये जोन को कहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जायेगा, इस आयोजन के तहत विभिन्न जोन में सुशासन तिहार शिविर लगाये जायेंगे, जहां पर विभिन्न शासकीय योजनाओ के संबंध में व्यापक जनजागरूकता, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लाभों का वितरण, शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 1 माह के भीतर निराकरण तथा प्रत्येक आवेदन को उसके आवेदन के निराकरण की सूचना दिये जाने की कार्यवाही संपादित कराई जायेगी। इस दौरान विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र आमनागरिकों से प्राप्त किये जायेगे तथा उन पर निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सुशासन तिहार-2026 के नगर निगम कोरबा के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनय मिश्रा एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा शिविर आयोजन हेतु जारी आदेश के अनुसार कोरबा जोन में 7 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार टी.पी.नगर जोन में 11 मई को, कोसाबाड़ी जोन में 13 मई को, पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन में 15 मई को, बालको जोन में 20 मई को, दर्री जोन में 22 मई को तथा सर्वमंगलानगर जोन में 25 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि प्रत्येक शिविर हेतु कार्यपालन अभियंता व सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों को शिविर का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है, जो अपने स्तर पर आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती शिविरों में करेंगे, आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायेंगे तथा शिविरों का सफल संचालन सुनिश्चित करेंगे। यह शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होंगे।



फाइल फोटो

**जनपद पंचायतों में भी लगेंगे शिविर**

इसी तरह मई और जून माह में जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। अभियान की शुरुआत 1 मई को जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम धनरास से होगी। इसके पश्चात 4 मई को करतला के कनकी में, 5 मई को पोंडीउपरोड़ा के पिपरिया एवं पाली के ईरफ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। मई माह के दौरान अन्य प्रमुख आयोजन 7 मई को जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम जल्के और जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पहंदा, 8 मई को पाली के ग्राम बसीबार, 11 मई को पोंड़ी उपरोड़ा के ग्राम बैरा, तथा 12 मई को पाली के ग्राम चोढ़ा एवं कोरबा के ग्राम चुईया में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न होंगे। इसी प्रकार 13 मई को जनपद पंचायत करतला के ग्राम गिधौरी, 14 मई को कटघोरा के ग्राम सिंघाली एवं कोरबा के ग्राम केराकछार, 15 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिरमीना, 16 मई को पाली के ग्राम रामाकछार और 19 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के लमना, पाली के नगोई व कटघोरा के ग्राम डोंगरी में जनसमस्याओं का निराकरण किया जाएगा। माह के उत्तरार्ध में 20 मई को जनपद करतला के ग्राम देवलापाठ, 21 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के मोरगा व कोरबा के ढोंगदरहा, 22 मई को पाली के धौराभांठा, 26 मई को पाली के निरधी, पोंड़ीउपरोड़ा के जटगा व कटघोरा के छिंदपुर, 28 मई को करतला के नवापारा (चौ.) और 29 मई को जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा के तुमान एवं पाली के डोगानाला में शिविर लगेंगे।

# केदार को कार्यकारी अध्यक्ष गिरजा को मंत्री का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केदारनाथ



गिरजा साहू।

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) में पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें केदारनाथ अग्रवाल को कार्यकारी अध्यक्ष और गिरजा साहू को मंत्री का अहम जिम्मा दिया गया है। उनकी नियुक्ति से श्रमिकों में उत्साह का संचार हुआ है।

**खास बातें**

- कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) में दी गई नई जिम्मेदारी
- नियुक्तियों से श्रमिकों में उत्साह

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) का सम्मेलन गत 19 जनवरी को तानसेन भवन चिरमिरी में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय कार्यकारी समिति का चुनाव विधिवत संपन्न हुआ। संगठन महामंत्री नाथुलाल पांडेय ने नवनिवार्चित केन्द्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी की है। जिसमें अध्यक्ष बजरंग शाही को बनाया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी केदारनाथ अग्रवाल कोरबा व श्रीकांत शुक्ला को सौंपी गई है। मंत्री के रूप में साहू समाज के गिरजा साहू को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष रेशम लाल यादव, राम सहारे पाल कुसमुंडा व महामंत्री नाथूलाल पांडेय होंगे। संगठन मंत्री श्री साहू के अलावा अशोक कुमार साहू विकास नगर कुसमुंडा नियुक्त किए गए हैं। संगठन मंत्री में तरूण राहा गेवरा, मनीष सिंह कुसमुंडा, कार्यालय सचिव दीपक कुमार दुबे दीपका, विकास कुमार पाठक कुसमुंडा होंगे। इसके अलावा कार्यकारिणी व विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति की गई है। एचएमएस द्वारा श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता रहा है। उनकी मांगों को लेकर संगठन ने कई लड़ाईयां लड़ी है। अब संगठन को और मजबूत करने पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारी दी गई है, जो अपने अपने क्षेत्रों में संगठन के द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। केदारनाथ अग्रवाल व गिरजा साहू की नियुक्ति से श्रमिकों में हर्ष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए श्रमिक हित में कार्य करेंगे। श्री साहू ने कहा कि श्रमिकों के हितों के मुद्दों को पूरी गंभीरता के साथ प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा। उनकी नियुक्ति पर श्रमिकों ने उन्हें बधाई दी है।

# ट्रेलर चालक की लापरवाही से इंसुलेटर हुआ बर्स्ट, आधे शहर में बिजली हो गई बंद


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में अक्सर लापरवाह ट्रेलर वाहन चालकों के चलते आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ट्रेलर चालक आव देखते हैं ना ताव और कभी

**खास बातें**

- बायपास मार्ग में ट्रेलर चालक ने घटना को दिया था अंजाम
- मोतीसागर पारा, सोनालिया सब स्टेशन के लगभग 6 हजार उपभोक्ता हुए थे

विद्युत पोल पर गाड़ी चढ़ा देते हैं तो कभी तार को अपनी जद में ले लेते हैं। जिसके चलते विद्युत विभाग को भारी नुकसान होता है। नया मामला फिर से सामने आया है जहां राताखार बाईपास मार्ग में एक



लापरवाह ट्रेलर चालक ने विद्युत विभाग के 33 केवी लाइन को अपनी जद में ले लिया था जिससे टॉप इंसुलेटर भ्रष्ट हो गया था साथ ही जर्क पड़ते ही शहर के आधे इलाकों में बिजली बंद हो गई थी। घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह विद्युत वितरण विभाग की टीम ने मेंटेनेंस किया और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया गया।

उल्लेखनीय है कि तुलसी नगर जोन के अंतर्गत आने वाले पुराने शहर कोरबा सीतामणी सहित आसपास जिला में तुलसी नगर सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है। मंगलवार की देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सुबह बाईपास मार्ग में 33 केवी लाइन की विद्युत पोल को अपने जद में ले लिया था। जिसके चलते तार टूट गया और टॉप इंसुलेटर भ्रष्ट हो गया था और जर्क आने की वजह से टीपी नगर सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी इलाके में विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई थी। मोतीसागरपारा और सोनालिया सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले पुराना कोरबा, सोनालिया पावर हाउस, रोड सीतामणी सहित आसपास इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो गई थी। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम द्वारा पेट्रोलिंग शुरू की और घंटों मशक्कत के बाद पता चल सका कि राताखार बाईपास मार्ग में ट्रेलर चालक के लापरवाही के कारण टॉप इंसुलेटर भ्रष्ट हुआ था। जिसके बाद अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर काम शुरु किया। रात लगभग 10:15 बजे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। यह पहली बार नहीं है कि शहर में इस तरह की घटना सामने आई होगी। इससे पहले भी कई ट्रक और ट्रेलर चालक इस तरह की बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं जिसके चलते इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

# चोरी के तीन आरोपियों को भेजा जेल, सोने-चांदी के आभूषण बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना बालकोनगर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण एवं मोटरसाइकिल बरामद की है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत कमरे आलम 5 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके चाचा शादी कार्यक्रम में शामिल होने बिहार गया हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोर के द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर



घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी रकम चोरी कर ली गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी किया जा रहा था कि पतासाजी के दौरान पुलिस ने आरोपी परसाभाठा दुर्गा पंडाल निवासी अमित देवांगन उर्फ मिथलेश देवांगन पिता लक्ष्मी प्रसाद देवांगन उम्र 26 वर्ष, क्वार्टर नंबर 796 ए-टाइप सेक्टर-5 बालको निवासी राकेश कुमार बघेल उर्फ राका उम्र 21 वर्ष पिता स्व. सुखदेवानंद बघेल, एवं परसाभाठा शिव मंदिर निवासी राकेश कुमार सोनी उम्र 37 साल पिता फनीत राम सोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। आरोपियों से कुल 2 लाख 80 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### नवनिर्मित मकान में हो रही थी पेंटिंग, झूले से गिरा पेंटर, मौत

**कोरबा।** एक नवनिर्मित मकान में पेंटिंग का काम चल रहा था। जहां एक 35 वर्षीय युवक पेंटिंग के काम करने के लिए झूले पर चढ़कर पेंटिंग कर रहा था इस दौरान झूले में उसका बैलेंस बिगड़ा और वह ऊंचाई से सीधे नीचे आ गिरा। घटना के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। अन्य सहकारियों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान पेंटर की मौत हो गई है। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बालको आजाद नगर निवासी रवि प्रकाश 35 वर्ष का पेंटिंग का काम करता था। बताया जाता है कि रिस्दी में भूपेंद्र भारद्वाज के नवनिर्मित मकान में रवि प्रकाश व उनकी टीम द्वारा पेंटिंग का काम किया जा रहा था।

**न्यायालय नायब तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्र./Q/ ना0तह0/वा0-2/2026
जांजगीर, दिनांक 13/4/2026
रा.प्र.क्र. 202604062800005/ अ-6/2025-26
ग्राम - गौद

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा0प्र0क्र0 **202604062800005/अ-6/2025-26** में आवेदक त्रिलोचन प्रसाद तिवारी पिता स्व. राधेश्याम तिवारी निवासी ग्राम बोदरी चकरभाठा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम गौद प.ह.न. 16 रा.नि.म. सुकली तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) स्थित आवेदक के स्वयं की भूमि खसरा नंबर 326, 539/1, 676/1, 802/1, 824/1, 991/1, एवं 1062 कुल रकबा 5 .46 एकड़ भूमि पर आवेदक की बहनों द्वारा अपना नाम न्यायालय तहसीलदार जांजगीर के आदेश दिनांक 03.09.2010 रा.प्र.क्र. 15/अ-6/2009-10 के आधार पर दर्ज कराया गया जिसके विरुद्ध आवेदक द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर के समक्ष अपील पेश की गई जिसे 17.11.2014 को खारीज कर दिया गया तदपश्चात आवेदक द्वारा माननीय न्यायालय आयुक्त बिलासपुर सम्भाग बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष उक्त आदेश की अपील प्रस्तुत की गई जिस पर मान. न्यायालय आयुक्त द्वारा उपरोक्त दोनों आदेश निरस्त कर दिया गया है। उक्त आदेश अनुसार आवेदक द्वारा माननीय न्यायालय आयुक्त बिलासपुर सम्भाग बिलासपुर (छ.ग.) के आदेशानुसार उत्तरवादीगण का नाम संसोधन / विलोपन / या राजस्व दस्तावेजो में आवेदक का नाम यथावत/पूर्ववत रखे जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 5/5/ 26 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पशचात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई कार्यवाही नहीं कि जावेगी।

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**जांजगीर**

## जांजगीर मार्केट

**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस,
राफ्टर बेड़ी दरवाजे,
चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी,
दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट,
स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर
कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
**विद्या इलेक्ट्रिकल्स**
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

### दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल, मामला दर्ज

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बारात में हंगामा मच गया। गाड़ी निकालने की बात को लेकर बारात में शामिल लोगों ने तीन लोगों का माथा और सिर फोड़ दिया। लहूलुहान तीनों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। अग्रसेन भवन कटघोरा से बारात निकाली गई थी। इस दौरान जय स्तम्भ चौक के पास नरेंद्र ज्वेलर्स के सामने जाम लग गया था। बारात के बीच से रात करीब 10:30 बजे बाइक निकालने के दौरान हुए विवाद में दो भाई दाऊद अली व दानिश अली को बारातियों ने जमकर पीटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने हाथ-मुक्कों के साथ-साथ सड़क किनारे पड़े ईंट और पत्थरों का भी इस्तेमाल किया। इस हमले में दोनों भाईयों के सिर पर गहरी चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में 8 टांके लगाने पड़े। बारातियों ने इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक चिरी, मध्य प्रदेश निवासी पिंटू गुप्ता के साथ भी मारपीट की। उसका भी माथा फूट गया है।

### वेदांता बालको के योगदान से छत्तीसगढ़ में ग्रामीण आय के स्रोतों में हो रही बढ़ोत्तरी









कोरबा। छत्तीसगढ़ को 'भारत का धान का कटोरा' कहा जाता है। धान यहां की मुख्य फसल है। टाटा-कॉर्नेल इंस्टीट्यूट के रिसर्च से पता चलता है कि खरीफ के मौसम में लगभग 85% कृषि भूमि का उपयोग धान उगाने के लिए किया जाता है। अधिकांश किसान बारिश पर निर्भर रहते हैं। यह वह बदलाव है जो वेदांता बालको के कामकाज वाले क्षेत्रों में हो रहा है। कोरबा, कवर्धा, रायगढ़, रायपुर और सरगुजा ज़िले के 123 गाँवों में बालको के योगदान से अब तक 2 लाख से ज़्यादा लोगों को फ़ायदा पहुँचा है।

पारिवारिक आय की स्थिरता के वाहक के रूप में महिलाओं की भूमिका इस बदलाव के केंद्र में वे महिलाएँ हैं जो अब अपने परिवारों में सहायक कमाने वाली की भूमिका से मुख्य कमाने वाली की भूमिका की ओर बढ़ रही हैं। 'प्रोजेक्ट उन्नति' के तहत 561 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाया गया है, जिनमें 6,000 से ज्यादा महिलाएँ शामिल हैं। इसके कारण इस क्षेत्र में समुदाय द्वारा संचालित सबसे मज़बूत स्वयं सहायता समूहों के नेटवर्कों का निर्माण हुआ है। 'पंचसूत्र' सिद्धांतों पर आधारित और वित्तीय साक्षरता, सही बचत और ऋण प्रणालियों जैसे प्रशिक्षणों से समर्थित ये स्वयं सहायता समूह साधारण बचत समूहों से विकसित होकर आजीविका के सशक्त नेटवर्क बन गए हैं। व्यक्तिगत स्तर पर भी इसका असर साफ़ दिखता है। कोरबा ज़िले की विजय लक्ष्मी सारथी ने निजी और आर्थिक मुश्किलों का सामना करने के बाद अपना खुद का बिज़नेस शुरू किया। 'प्रोजेक्ट उन्नति' के तहत मिली ट्रेनिंग और मदद से उन्होंने घर से ही खाने का बिज़नेस शुरू किया और अब हर महीने रू 12,000 से रू 15,000 कमाती हैं। *कृषि के अलावा आय के दूसरे स्रोतों का सृजन हालांकि खेती अभी भी बुनियादी आय का आधार बनी हुई है लेकिन आय के स्रोतों में विविधता लाने का सबसे बड़ा बदलाव खेती से बाहर के क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। वर्ष 2010 में शुरू किए गए वेदांता स्किल स्कूल के ज़रिए तीन केंद्रों में अब तक कुल 15,000 से ज़्यादा युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इनमें से हर साल 1,000 से ज़्यादा युवाओं को इंडस्ट्री की मांग के हिसाब से अलग-अलग ट्रेड में कुशल बनाया जाता है। यह प्रोग्राम ट्रेनिंग को सीधे रोज़गार से जोड़ता है और 11 राज्यों में फैली 70 से ज़्यादा संस्थाओं में प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराता है। आजीविका को सहारा देने वाले इकोसिस्टम की मज़बूती आय में स्थिर रूप से वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए लोगों को समय के साथ मज़बूत प्रणालियों के माध्यम से सहयोग देना महत्वपूर्ण है। वेदांता बालको इसी दृष्टिकोण का पालन करता है। यह न केवल रोज़गार उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित करता है बल्कि उन परिस्थितियों को भी बेहतर बनाने पर ज़ोर देता है जो लोगों को अपने रोज़गार को बनाए रखने में मदद करती हैं। सड़कों, सार्वजनिक स्थानों और स्थानीय सुविधाओं जैसे सामुदायिक बुनियादी ढांचे में हो रहे सुधारों से लोगों के लिए यात्रा करना और बाज़ारों, प्रशिक्षण तथा रोज़गार से जुड़ना आसान हो रहा है। वेदांता बालको इसी बदलते दृष्टिकोण का पालन करता है। कौशल प्रशिक्षण, महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसाय और शिक्षा कार्यक्रम मिलकर काम करते हैं ताकि ज्यादा स्थिर और नियमित आय के अवसर पैदा किए जा सकें। इसका उद्देश्य खेती की जगह लेना नहीं है बल्कि खेती के साथ आय के और अतिरिक्त स्रोत तैयार करना है। यह बदलाव जमीनी स्तर पर भी दिखाई देता है। यह बदलाव सिर्फ़ ज़्यादा आमदनी का नहीं बल्कि ऐसी आजीविका पैदा करने की बात है जो ज़्यादा सुरक्षित, लचीली और भविष्य के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# हॉरर फिल्म तुम्बाड 2 की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** 'तुम्बाड 2' के मेकर्स ने आखिरकार इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह मच-अवेटेड सीक्वल 3 दिसंबर को रिलीज होगा। 'तुम्बाड' के साथ सोहम शाह ने भारतीय सिनेमा में लोक कथाओं पर आधारित हॉरर फिल्मों के लिए एक अलग जगह बनाई थी और पिछले कुछ सालों में इस फिल्म की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। अब 'तुम्बाड 2' के साथ मेकर्स उस दुनिया को और आगे ले जाने की तैयारी में हैं, जहां फिल्म की कहानी और स्केल को बड़ा बनाया जाएगा, लेकिन साथ ही वही माहौल बरकरार रखा जाएगा जिसने पहली फिल्म को इतना खास बनाया था।

लाइफ Style

# कंगना
## बॉलीवुड में पूरे किए 20 साल

बॉलीवुड एक्ट्रेस और पॉलिटिशियन कंगना रनौत ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे होने पर पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्म कर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई हैं। इस खास मौके पर उन्होंने उस खास फोटोशूट की तस्वीर शेयर की, जिसने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसी तस्वीर के जरिए उन्हें फिल्मों में पहला मौका मिला और उनका सफर शुरू हुआ। कंगना रनौत ने इस महीने फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान कंगना ने इंस्टाग्राम पर अपने पहले पोर्टफोलियो शूट की एक झलक शेयर की। ये वही तस्वीर थी, जिसने उनके करियर की शुरुआत में अहम भूमिका निभाई थी। दरअसल, इसी पोर्टफोलियो शूट के जरिए उन्हें मोहित सूरी की फिल्म 'गैंगस्टर' में डेब्यू करने का मौका मिला था, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। उन्होंने लिखा, 'आज मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 20 साल पूरे कर लिए हैं। यह मेरा पहला पोर्टफोलियो है, जिसे जतिन कंपानी ने शूट किया था और इसी ने मुझे 'गैंगस्टर' में सिमरन का रोल दिलाया।' तस्वीर में कंगना रनौत ब्लू ड्रेस में स्टूडियो में खड़ी हैं और कैमरे से नजरें हटाकर पोज दे रही हैं, उनके कर्ली बाल पीछे की ओर लहराते दिख रहे हैं। वहीं, कंगना ने स्टोरी पर एक और फोटो शेयर की, जो उनके पहले मैगजीन शूट की थी. इसमे वो ब्लैक ड्रेस पहने हुए पोज दे रही हैं। बता दें, कंगना रनौत ने महज 18 साल की उम्र में गैंगस्टर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। अपनी पहली ही फिल्म में कंगना की दमदार अदाकारी को दर्शकों और आलोचकों दोनों ने खूब सराहा था।



हॉलीवुड मसाला



# छोटी सी बात बन गई बड़ी कहानी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों एक खबर काफी चर्चा में रही कि एक्ट्रेस एनी हैथवे ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के सेट से पतली मॉडल को हटाने के लिए प्रोडक्शन से बात की थी। हालिया एक इंटरव्यू में एनी हैथवे ने इस पूरे मामले पर खुलकर बात की है। 'गुड मॉर्निंग अमेरिका' शो में सेट पर हुई उस घटना के बारे में एनी हैथवे से पूछा गया। जिसमें कहा गया है कि फिल्म प्रोडक्शन ने पतली मॉडल्स को सेट से हटा दिया गया था। इस पर एनी हैथवे कहती हैं, 'यह सेट पर बस एक छोटी सी बात थी, अब यह एक बहुत बड़ी कहानी बन गई है।



# द डेविल वियर्स प्राडा 2 कल होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** साल 2006 में रिलीज ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' चर्चा में है। 20 साल बाद अब इसका सीक्वल 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आ रहा है। यह फिल्म 01 मई को रिलीज हो रही है। साल 2026 में रिलीज हुई 'द डेविल वियर्स प्राडा' को भी डेविड फ्रैंकल ने ही डायरेक्ट किया था। एलीन ब्रॉश मैककेना ने ही तब भी स्क्रीनप्ले तैयार किया था। यह लॉरेन वीसबर्गर के 2003 के इसी नाम के बेस्टसेलर उपन्यास पर आधारित है। फिल्म का बेसिक प्लॉट ये है कि कहानी के केंद्र में एंडी सैक्स (ऐनी हैथवे) है, जो एक पत्रकार बनने की चाह रखने वाली लड़की है। उसे एक फैशन मैगजीन में नौकरी मिलती है, लेकिन वहां उसे अपनी सख्त एडिटर मिरांडा प्रीस्टली (मेरिल स्ट्रीप) की मर्जी से काम करना पड़ता है। साल 2006 में रिलीज 'द डेविल वयिर्स प्राडा' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रूप से सफल हुई थी।



# डांस डे पर शेयर किया अनोखा वीडियो

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी अपनी अपकमिंग फिल्म 'केडी- द डेविल' को लेकर चर्चा में हैं। रिलीज से एक दिन पहले इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से 'ए' सर्टिफिकेट के साथ मंजूरी मिल गई है। इससे पहले शिल्पा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो का कैप्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। 29 अप्रैल को डांस डे के मौके पर शिल्पा शेट्टी ने जो वीडियो शेयर किया है वह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि वह डांस कर रही हैं। वीडियो में एक और क्लिप है, जिसमें एक बुजुर्ग महिला डांस कर रही है। वीडियो के कैप्शन में शिल्पा शेट्टी ने उन लोगों को जवाब दिया है, जो लोग उनकी बढ़ती उम्र को लेकर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने लिखा 'उम्र बढ़ रही है, कब तक ऐसे मटकती रहेगी।' इसके जवाब में उन्होंने लिखा 'मटकूंगी जब तक मन करेगा।



# राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन होगी छोटी

**मुंबई।** रितेश देशमुख अपनी आगामी फिल्म 'राजा शिवाजी'की रिलीज की तैयारी में लगे हैं। बड़े बजट में बनी राजा शिवाजी मराठी के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज होगी। आमतौर पर कई भाषाओं में रिलीज होने वाली फिल्मों की अवधि लगभग एक जैसी होती है, सिर्फ भाषा का अंतर होता है। लेकिन, यह फिल्म इस नियम को तोड़ती है। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन मराठी वर्जन से छोटा होगा। सीबीएफसी ने 'राजा शिवाजी'को 16+ आयु वर्ग के लिए सर्टिफिकेट दिया है। मराठी वर्जन की अवधि तीन घंटे, पंद्रह मिनट और पांच सेकंड है। जबकि हिंदी वर्जन इससे ठीक आठ मिनट छोटा है, यानी तीन घंटे सात मिनट और पांच सेकंड का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फिल्म की अवधि कम होने का कारण सीबीएफसी द्वारा अनिवार्य कोई कटौती नहीं है।

टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा में निभाए 20 से भी ज्यादा किरदार

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 18 साल से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। साल 2008 में शुरू हुए असित मोदी के इस शो में अभी तक ढेरों कलाकार, ढेरों किरदारों में नजर आए और छा गए। दयाबेन से लेकर जेठालाल, बबीता जी, टप्पू सेना, पत्रकार पोपटलाल और बाबूजी जैसे मुख्य किरदारों के अलावा साइड किरदारों ने भी अपनी खूब छाप छोड़ी। आलम ये है कि 'तारक मेहता...' के कलाकारों को फैंस उनके असली नाम से नहीं, बल्कि शो में निभाए किरदारों से पहचानते हैं। लेकिन, इस शो में एक ऐसा एक्टर रहा है, जिसने इसमें 20 से अधिक किरदार निभाए और अलग ही रिकॉर्ड कायम कर दिया। यह हैं एक्टर नीलेश भट्ट। नीलेश भट्ट 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में छोटे-छोटे लेकिन 20 से अधिक किरदारों में नजर आए और छा गए। अगर उन्हें 'तारक मेहता...' का 'गिरगिट' कहा जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वह वाकई एक 'गिरगिट' हैं, जो दिए गए हर किरदार और रंग में इस तरह घुल गए, जैसे वह उनके लिए ही लिखा गया हो। नीलेश भट्ट ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जो किरदार निभाए, वो हैं- बाबू चिपके, शराबी ड्राइवर, भिड़े का रिश्तेदार, सुंदर का दोस्त, राजू भाई खाऊं गाली, कारपेंटर, खोटे क्लासेस, सोसाइटी का चोर, चंदू चिल्लर और हरियाली होटल के मैनेजर जैसे रोल शामिल हैं। हर किरदार में नीलेश भट्ट ने जान भर दी थी और दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया था। मालूम हो कि नीलेश भट्ट एक गुजराती एक्टर हैं।

## 50 की स्मृति का 51 साल का पोता!

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीआरपी लिस्ट में नंबर 1 पर बना हुआ है। शो की कास्टिंग में बड़ा बदलाव हुआ है और एक्टर आकाशदीप सैगल की एंट्री हुई है। हालांकि, लोगों को ये बात पसंद नहीं आई। अब एक्टर ने भी इस पर सफाई दी है। आकाशदीप सैगल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की दुनिया में एक नए किरदार में वापसी कर रहे हैं। तुलसी विरानी के बागी बेटे अंश का किरदार निभाने के बाद, अब वे रीबूट में अंश के बेटे, तुलसी के पोते के रूप में नजर आएंगे। यह बदलाव शो के लिए एक तरह से पूरा चक्र पूरा होने जैसा है, लेकिन कई दर्शकों को कास्टिंग पसंद नहीं आई है। लोगों का मानना है कि आकाशदीप की उम्र तुलसी का पोता बनने की नहीं है। हालांकि, आकाशदीप इसे एक क्रिएटिव कदम बताते हैं। दिलचस्प बात यह है कि शो के पहले सीजन में अंश को उसकी ऑनस्क्रीन मां तुलसी (स्मृति ईरानी) ने गोली मार दी थी।



# टॉक्सिक के बाद अब 'है जवानी तो इश्क होना है' की बदली रिलीज डेट

*मुंबई। आए दिन फिल्मों की रिलीज डेट में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों बंदर की रिलीज डेट बदली। वहीं, यश की मच अवेटेड 'टॉक्सिक'फिर आगे बढ़ गई। अब वरुण धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज में भी एक बार फिर बदलाव किया गया है। 22 मई को रिलीज होने वाली ये फिल्म अब नए बदलाव के साथ अपनी पुरानी रिलीज डेट यानी 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टॉक्सिक की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है'की रिलीज डेट को भी फिरसे बदल दिया है। दरअसल, 'है जवानी तो इश्क होना है'अभी तक 22 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बुधवार को जैसे ही टॉक्सिक की रिलीज डेट 4 जून से आगे बढ़ी, वैसे ही मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है'की रिलीज को 22 मई से बदलकर 5 जून कर दिया है। जाहिर है कि 'है जवानी तो इश्क होना है'की असल रिलीज डेट भी 5 जून ही थी, लेकिन 4 जून को टॉक्सिक के रिलीज होने के चलते, मेकर्स ने इसे पहले 22 मई को ही रिलीज करने का फैसला किया था। लेकिन, अब टॉक्सिक 4 जून को रिलीज नहीं हो रही है। इसलिए, वरुण धवन की फिल्म अपनी असल रिलीज डेट 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज डेट बदलने पर वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने फिल्म के दो नए पोस्टर भी साझा किए और साथ ही यश और मैडॉक फिल्म्स को धन्यवाद भी बोला। वरुण ने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए लिखा, 'है जवानी तो इश्क होना है 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश और मैडॉक फिल्म्स का धन्यवाद जिन्होंने हमारी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट तय करने में मदद की। अब यह फिल्म अपनी तय तारीख पर ही रिलीज होगी।*



# धुरंधर 2 में दिखाए गए धमाके हैं असली
## क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल

मुंबई। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' इस साल मार्च में रिलीज होते ही चर्चा का विषय बन गई। फिल्म के जबरदस्त एक्शन सीन और धमाकेदार सेट इसकी बड़ी खासियतें थीं। फिल्म के एसएफएक्स सुपरवाइजर विशाल त्यागी ने बताया कि फिल्म में दिखाए गए सभी धमाके असली थे। रणवीर सिंह और अर्जुन रामपाल के साथ फिलमाए गए क्लाइमैक्स सीन में 500 लीटर पेट्रोल का इस्तेमाल किया गया था। विशाल ने बताया कि उनसे अक्सर छोटे धमाके करने को कहा जाता है, जिन्हें बाद में सीजीआई की मदद से और बड़ा दिखाया जाता है। लेकिन, 'धुरंधर 2' में इस तरीके का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, 'आदित्य धर ने कहा, 'मैं सीजीआई का इस्तेमाल नहीं करना चाहता,' खासकर धमाकों के लिए। जो आखिरी टैंकर धमाका था, वह सबसे मुश्किल था। उसमें सुरक्षा को लेकर सबसे बड़ी चिंता थी। जरा सोचिए- 500 लीटर पेट्रोल! उस धमाके से उड़ने वाले सभी टुकड़े असली थे। रणवीर धमाके वाली जगह के बहुत करीब चल रहे थे। मुझे यह पक्का करना था कि आग की लपटें उन तक न पहुंचें। हमने सारा काम पूरी सावधानी से किया और रणवीर सिंह को ठीक-ठीक बताया कि उन्हें कहां से चलना शुरू करना है।' विशाल ने बताया 'मुझ पर प्रोडक्शन का बहुत प्रेशर था। धमाके के लिए असली ट्रेन और कंटेनरों का इस्तेमाल किया गया था। यह बहुत मुश्किल काम था, लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। प्रोडक्शन टीम ने मुझसे 250 लीटर तेल इस्तेमाल करने को कहा था, लेकिन मैं अपनी बात पर अड़ा रहा कि कम से कम 500 लीटर तेल की जरूरत होगी। सही असर पाने के लिए, मुझे हर टैंक में 25 किलो विस्फोटक डालना पड़ा।' 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह एक जबरदस्त अवतार में नजर आए। इसमें उनके किरदार जसकीरत सिंह रंगी से हमजा बनने तक का सफर दिखाया गया है। फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले हैं।




## लता ने अमर बना दिया दिल एक मंदिर का गीत

# वो कालजयी गीत, हसरत जयपुरी ने एक गाने में पिरोए 7 भाव

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर में कई ऐसे गीत बने, जो सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रहे, बल्कि भावनाओं का दस्तावेज बन गए। साल 1963 में रिलीज हुई 'दिल एक मंदिर' का गीत 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे' भी उन्हीं कालजयी नग्मों में शामिल है। इस गीत को सुनते हुए ऐसा महसूस होता है मानो प्रेम के हर रंग को शब्दों और सुरों में ढाल दिया गया हो। गीतकार हसरत जयपुरी न इस एक गीत में सात अलग-अलग भावों से इतनी खूबसूरती से पिरोया कि यह गीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है।



### भावनाओं की पूरी दुनिया समेटे हुए

इस अमर गीत को अपनी मधुर आवाज लता मंगेशकर ने दी थी। उनकी आवाज की मासूमियत और दर्द ने गीत के हर शब्द को जीवंत बना दिया। यही वजह है कि यह गाना सिर्फ एक रोमांटिक ट्रैक नहीं रहा, बल्कि प्रेम और विरह की गहराइयों को महसूस कराने वाला अनुभव बन गया। हसरत जयपुरी बॉलीवुड के उन चुनिंदा शायरों में से एक थे, जिनकी पंक्तियां सीधे दिल को छू जाती थीं। यह गाना न सिर्फ संगीतमय है, बल्कि भावनाओं की एक पूरी दुनिया समेटे हुए है। इसमें शिकायत, लगाव, सदमा, अनुरोध, समर्पण, व्यथा और शुद्ध प्रेम... ये सात भाव एक के बाद एक उभरते हैं और श्रोता को पूरी तरह बांध लेते हैं।

***कौन-कौन से हैं वो 7 भाव? पहला भावः लगाव. 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे हैं' नायिका अपने पति से अपने लगाव का जिक्र करती है और बताती हैं कि कैसे वह प्यार में इतना खो गई है कि अब संसार में कुछ नजर नहीं आता।***

**दूसरा भावः** शिकायत. 'तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ' यहां नायिका अपने पति की बात पर शिकायत करती है कि वह कैसे इस गहरे प्यार को भूलने की बात कह सकते हैं।

**तीसरा भावः** समर्पण. 'पंछी से छुड़कर उसका घर, तुम अपने घर पर ले आए, ये प्यार का पिंजरा मन भाया, हम जी ही जी में मुस्काए' जैसी लाइनें पूर्ण समर्पण दर्शाती हैं। नायिका प्यार को पिंजरा भी मानने को तैयार है, बस वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है।

**चौथा भावः** सदमा. 'जब प्यार हुआ इस पिंजरे से, तुम कहने लगे आजाद रहो।' गाने की ये पंक्तियां सदमे की तीव्रता दिखाती हैं. जिसमें पति के प्रस्ताव से मिला गहरा सदमा पूरे गाने में झलकता है।

**पांचवां भावः** अनुरोध. 'हम कैसे भुलाए प्यार तेरा, तुम अपनी जुबां से ये न कहो'. नायिका बार-बार अनुरोध करती है कि ऐसा न कहो, यह प्यार भूलने लायक नहीं है।

**छठा भावः** व्यथा. 'अब इन चरणों में दम निकले, बस इतनी और तमन्ना है' जैसी पंक्ति व्यथा की पराकाष्ठा दिखाती है। गाने में छिपी वेदना और पीड़ा लता जी की आवाज में चरम पर है।

**सातवां भावः** शुद्ध प्रेम. 'इस तेरे चरण की धूल से हमने, अपनी जीवन मांग भरी, जब ही तो सुहागन कहलाई, दुनिया के नजर में प्यार बनी'। एक औरत के लिए पत्नी बनने के बाद उसका पति ही सबकुछ होता है। पति से ही सुहाग प्रेम सब कुछ है। पूरे गाने का सार है शुद्ध, निश्छल और आत्मसमर्पण भरा प्रेम. जिसमें कोई स्वार्थ नहीं, सिर्फ एकनिष्ठ भक्ति है यानी शुद्ध प्रेम।

**बेहद लोकप्रिय हुआ यह गाना**

1963 में रिलीज होने के बाद यह गाना बेहद लोकप्रिय हुआ। आज भी जब यह गाना बजता है तो सुनने वाले की आंखें नम हो जाती हैं। यह गाना उस दौर की पतिव्रता, समर्पण और एकनिष्ठ प्रेम की भावना को दर्शाता है, जो आज के समय में भी अपनी प्रासंगिकता रखता है। आज के डिजिटल युग में भी यह गाना यूट्यूब, गाना और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों बार सुना जा चुका है। यह साबित करता है कि सच्ची भावनाएँ और बेहतरीन शब्द कभी पुराने नहीं होते।

## खबर संक्षेप

### बढ़ती गर्मी को देखते हुए अभाविप ने किया पर्यावरण संरक्षण का प्रयास




**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाराद्वार के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का प्रयास किया गया। पर्यावरण को संजोकर रखने के लिए छात्रों ने मिट्टी के पात्र में सुंदर कलाकृति बनाकर नगर के विभिन्न स्थानों में लगाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक उदय पाण्डेय ने अभाविप साथियों के साथ मिलकर इस सकारात्मक प्रयास की पहल की व अभाविप द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान को आगे और बड़े रूप में करने की बात कही। इस कार्य में बीईओ दिलीप पटेल, नगर मंत्री नितेश साहू, सह मंत्री सोम राठौर, वंशिका शर्मा, दिव्या महेश, श्रद्धा सिंह ठाकुर, हिमांशु राठौर, अंकित बरेठ, अनीश यादव, मनीष थवाईत व सुजल राठौर उपस्थित थे।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में युग ने प्राप्त किया 93.83 प्रतिशत अंक

**सक्ती।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत युग तिवारी ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 93.83 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। युग तिवारी अरुणा तिवारी एवं डॉ चंद्र प्रकाश तिवारी प्रांतीय सचिव छ ग सर्व शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश सचिव के पुत्र हैं। युग पूर्व में राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर 14 टेनिस बाल क्रिकेट में हिस्सा ले चुके हैं। इन्होंने अपने सफलता का श्रेय मम्मी-पापा के साथ साथ विद्यालय के प्राचार्य राजीव गुप्ता व समस्त स्टाफ को दिया है।



### 10वीं में प्रवीण व 12वीं में स्वाति ने मारी बाजी

**बिर्रा।** आर्य बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा में बोर्ड कक्षाओं में 10वीं व 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में 90.83 प्रतिशत के साथ प्रवीण तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में 90.8 प्रतिशत अंक के साथ स्वाति कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दशम में आलोक तंबोली ने 89.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय, मिथलेश साहू ने 88.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। 88.5% के साथ शुभम देवांगन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। रेणुका साहू ने 86.5 प्रतिशत अंक, हिमेश कश्यप ने 86 प्रतिशत, चंद्रमाला कश्यप ने 85.83 प्रतिशत के साथ क्रमशः पंचम,षष्ठ व सप्तम स्थान प्राप्त किया। अनोखी गुप्ता ने 85.5 प्रतिशत के साथ अष्टम स्थान तथा आकांक्षा कैवर्त एवं याचना देवांगन ने 85.33 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से नवम स्थान प्राप्त किया। दशम स्थान 84.83 प्रतिशत के साथ साक्षी कश्यप व एकादश स्थान 84.66 प्रतिशत के साथ मानसी आदित्य ने किया। कक्षा 12वीं में सौम्य देवांगन 90.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा शोभा कश्यप 89.6 प्रतिशत के साथ तृतीय, बृजेश देवांगन 87.6 प्रतिशत के साथ चौथा, निहाली तिवारी पंचम स्थान 85.8 प्रतिशत तथा तनवीर कश्यप 85 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। वंशी कश्यप 83.6 प्रतिशत प्रतिशतके साथ सातवां स्थान तथा शालिनी भारद्वाज 81.2 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। विश्वेश्वरी कश्यप 80.2 प्रतिशत के साथ तथा समीर खूंटे 79.8 प्रतिशत के साथ दशम स्थान प्राप्त किया । सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य सुप्रिया शुक्ला, डॉ.ईश्वर प्रसाद शुक्ला, मनोज कुमार तिवारी ,देवप्रसाद तिवारी , भागीरथी देवांगन , श्रवण कश्यप ,घनश्याम कश्यप , बुद्धेश्वर कश्यप , कमलेश गुप्ता , फिरत साहू ने प्रसन्नता जाहिर की है।





### लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष बने गोपाल

**सक्ती।** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने के निर्देश पर गोपाल शर्मा को सक्ती जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। 17 नवंबर 1975 को सक्ती के कचहरी चौक पर जब तानाशाही के विरुद्ध बोलना मना था, तब श्री शर्मा ने सत्याग्रह का शंखनाद किया था। लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्हें बिलासपुर जेल में कठोर कारावास का सामना करना पड़ा था।



## निधन

### बिसाहू लाल मिश्रा

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बिसाहू लाल मिश्रा का शनिवार 25 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वे विद्यार्थी किताब घर के संचालक विनय मिश्रा एवं अखिल मिश्रा के दादा थे । उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र विनोद मिश्रा ने दी। अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



वाहन चालक पेट्रोल डलवाने भटकते रहे इधर से उधर

# पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइन, मची होड़, कई जगहों पर किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शहर में पेट्रोल की किल्लत के चलते सुबह और शाम को पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। स्थिति यह रही कि शाम करीब 6 बजे बरपाली चौक स्थित पेट्रोल पंप में दोपहिया वाहनों की कतार लगातार बढ़ती चली गई, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार लायंस चौक स्थित पेट्रोल पंप पिछले करीब तीन दिनों से बंद है, जिससे आसपास के क्षेत्रों का पूरा दबाव अन्य पंपों पर आ गया है। इसी कारण गौरव पथ स्थित पेट्रोल पंप में भी बुधवार को दोपहिया वाहनों की लंबी लाइन लग गई। हालात ऐसे बने कि शाम 6 बजे तक वहां पेट्रोल खत्म हो गया और कई वाहन चालकों को निराश होकर लौटना पड़ा। हालांकि पंप संचालक का कहना है कि पेट्रोल की अगली खेप रास्ते में है। पेट्रोल आते ही आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी। वहीं, पेट्रोल संकट की खबर फैलते ही शहरवासियों में असमंजस की स्थिति बन गई और लोग एहतियात के तौर पर पेट्रोल भरवाने पंपों की ओर उमड़ पड़े। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाए और समय रहते व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।



पंप में पेट्रोल भरवाने लगी वाहन चालकों की कतार।

# जिले की कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- कक्षा पांचवीं में धनुष प्रथम चौहान तो कक्षा आठवं में ईशांत चंद्रा ने प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला सक्ती में सत्र 2025-26 की कक्षा पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा का परिणाम 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने आधिकारिक रूप से परिणामों की घोषणा की।

कक्षा पांचवी में इस सत्र में कुल 12 हजार 407 छात्र पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 11 हजार 936 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 11 हजार 794 छात्र सफल रहे। कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम 95.05 प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं में कुल 11 हजार 534 पंजीकृत छात्रों में से 10 हजार 878 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 10 हजार 230 छात्र सफल रहे। कक्षा आठवीं में जिले का परीक्षा परिणाम 88.69 प्रतिशत रहा। अस्थाई प्रावीण्य सूची में कक्षा पांचवी में धनुष प्रथम चौहान, सरस्वती शिशु मंदिर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चंद्रपुर (विकासखंड डभरा) ने 98.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किय है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में इशांत चंद्रा प्रदीक्षा पब्लिक स्कूल छोटे सीपत (विकासखंड मालखरौदा) ने 98.58 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके निरंतर आगे बढ़ने और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल जिला सांख्यिकी अन्वेषक अधिकारी, अमर सिंह राज जिला क्रीड़ा अधिकारी, सुरेश कुमार जायसवाल जिला नोडल, श्रीमती कमलादपी गवेल सहायक नोडल सहित परीक्षा विभाग टीम से रेवती रमण साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, जयंती खमारी, महेंद्र कुमार चंद्रा, चंचला चंद्रा, पूनम चौहान, एल.डी. महंत, रोशन पटेल, अनीता अग्रवाल एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


परीक्षा परिणाम जारी करती जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य।

## जनपद सीईओ ने ली 81 ग्राम पंचायतों के सचिवों की बैठक, बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने दिए निर्देश

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के नव पदस्थ जनपद सीईओ तेजेश्वर यादव ने जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 29 अप्रैल को 81 ग्राम पंचायत के सचिव का प्रथम बैठक लिया। साथ ही उन्होंने सभी सचिव का परिचय लेने के बाद उनके गांव में चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने इस बैठक में सभी सचिवों को निर्देश दिया कि जिन लोगों का प्रधानमंत्री आवास का प्रथम किस्त मिल चुका है किंतु अभी तक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है उन्हें जाकर समझाइस देने तथा शीघ्र ही आवास निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए निर्देश दिए। इसी प्रकार जिनका द्वितीय किस्त मिल चुका है उनका आवास निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा ताकि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त की राशि का भुगतान किया जा सके। इसके अलावा 4 मई से 10 जून तक चलने वाले सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का गांव में प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए शिविर स्थल में पहुंचे। साथ ही उन्होंने सभी सचिवों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने इसके अलावा उन्होंने जनता के हित में कार्य करने को कहा। इस अवसर पर एडीओ कृष्ण कुमार बरेठ, पंचायत निरीक्षक सूरजभान राठौर ,प्रधानमंत्री आवास ब्लॉक समन्वयक, करारोपण अधिकारी तथा सचिव उपस्थित थे।



# मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- एसडीएम ने सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

विकासखंड पामगढ़ के सभी सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की बैठक गुरुवार 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ आर.के. तंबोली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। साथ ही अविवादित बंटवारा एवं नामांतरण संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ द्वारा समस्त सरपंचों एवं सचिवों को ग्राम पंचायतों से संबंधित मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत आयोजित शिविरों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा ग्रामों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में तहसीलदार पामगढ़ द्वारा अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं ग्राम स्तर पर प्रभावी निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ग्राम स्तर पर प्राप्त प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में शासन की मंशानुरूप आमजन को सरल एवं सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने तथा ग्राम स्तर पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मणिशंकर कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़, अमरनाथ श्याम, तहसीलदार पामगढ़, चंद्रकांत चंद्रवंशी, तहसीलदार राहौद, अखिलेश विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को निर्देश देते एसडीएम आर.के. तंबोली।

### शिविरों में प्राप्त आवेदनों के त्वरित समाधान के लिए दिए निर्देश

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ आर.के. तंबोली की अध्यक्षता में जनपद पंचायत पामगढ़ में 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे से "सुशासन तिहार 2026" के सफल आयोजन के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जनसमस्या निवारण शिविरों के सफल आयोजन एवं विभागीय समन्वय पर विशेष चर्चा की गई। सभी विभागीय अधिकारियों को सुशासन तिहार 2026 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिविर स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं विभागीय जानकारी उपलब्ध कराने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को जनसमस्या निवारण शिविरों के सफल संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।उक्त बैठक में मणिशंकर कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अमरनाथ श्याम, तहसीलदार पामगढ़, चंद्रकांत चंद्रवंशी, तहसीलदार राहौद सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैलगाड़ी पर निकली पारंपरिक बारात बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर में बुधवार को निकली एक अनोखी और पारंपरिक बारात लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गई। आधुनिकता और दिखावे के इस दौर में छत्तीसगढ़ी परंपरा को जीवंत करते हुए सुसज्जित बैलगाड़ी में निकली बारात ने हर किसी का मन मोह लिया।

शिवरीनारायण युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अखिलेश यादव का विवाह नवागढ़ निवासी रामेश्वर यादव की पुत्री रचना यादव के साथ सम्पन्न हुआ। बुधवार दोपहर शबरी पुल मोड़ स्थित होटल श्रीहरि कुंज से बरात की शुरुआत हुई। छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार रंग-बिरंगे फूलों से सजी बैलगाड़ी में दूल्हा सवार हुआ। वहीं राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे माहौल को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। पारंपरिक वेशभूषा में नर्तकों ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर बारात की शोभा बढ़ाई। बरात नगर के प्रमुख मार्गों मेन रोड, केरा चौक, पुराना रपटा रोड, थाना रोड और थाना चौक से गुजरते हुए केशरवानी कल्याण भवन पहुंची। रास्ते भर लोग इस अनूठी बरात को देखने के लिए उमड़ पड़े और परंपरागत आयोजन की सराहना करते नजर आए। छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाजों के साथ अखिलेश और रचना का विवाह विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार और नगरवासी उपस्थित रहे। यह बरात न केवल एक विवाह समारोह रही, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती नजर आई, जिसने आधुनिकता के बीच अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया।



**खास बात**

- छत्तीसगढ़ी संस्कृति की दिखी झलक

# सेवाकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में किए अनुकरणीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक को भावभीनी विदाई, सम्मान समारोह में उमड़ा जनसमूह

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महमदपुर के प्रधान पाठक गंगाराम साहू के सेवानिवृत्ति अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महमदपुर एवं संकुल केंद्र बरगवां के संयुक्त तत्वावधान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात प्रधान पाठक गंगाराम साहू के शैक्षणिक योगदान, अनुशासनप्रिय कार्यशैली तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए अतिथियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य श्रीमती करुणा शांडिल्य ने कहा कि गंगाराम साहू ने अपने सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यालय परिवार को सदैव एकजुट रखा। उनका समर्पण एवं सादगी नई पीढ़ी के शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस ने कहा कि श्री साहू ने अपने कर्तव्यनिष्ठ जीवन से शिक्षा जगत में एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम को शिक्षक सनत साहू, राजीव साहू, गोविंद देवांगन सहित अन्य वक्ताओं ने भी उनके सेवाभाव, व्यवहार कुशलता एवं शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। अपने सम्मान समारोह में भावुक होते हुए गंगाराम साहू ने कहा कि विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों और ग्रामवासियों से उन्हें सदैव अपार स्नेह मिला। उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है और शिक्षक का दायित्व केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि संस्कार देना भी है। कार्यक्रम के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महमदपुर, बरगवां, कटघरी तथा शासकीय प्राथमिक शाला बरगवां, महमदपुर, कटघरी एवं कोटगढ़ के शिक्षकों द्वारा श्री साहू को शाल, श्रीफल एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में अजय मार्बल, शंकरलाल कश्यप, सनत साहू, अजय साहू, गौरीशंकर साहू, देवेंद्र तिवारी, रूपेश सिंह, प्रमोद कौशिल, श्याम साहू, राजेश्वर रात्रे, डमरूधर खुंटे, भवानी कमलवंशी, लक्ष्मी साहू, रुक्मणी पटेल, मंजूलता पाटले, सिद्धि सिदार, विजयलक्ष्मी सिंह, सुचिता धीवर, सुनीता कमलवंशी, सुमन शर्मा, संगीता सिदार, कुंती कंवर, शशि कंवर, सुखराम सिदार, चमनलाल धीवर, भोलूदास मानिकपुरी सहित अनेक शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# बिहान की महिलाओ के लिये बीमा सिर्फ सुरक्षा नहीं बल्कि आर्थिक मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बिहान (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) से जुड़ी महिलाओं के लिए बीमा बहुत जरूरी होता है क्योंकि यह उनके जीवन, परिवार और आजीविका को सुरक्षा प्रदान करता है। गांव की महिलाएं अक्सर सीमित आय पर निर्भर रहती हैं।

उक्त बातें ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में आयोजित आचार, पापड़, मसाला उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे ने व्यक्त किया। उन्होंने आगे बताया कि किसी दुर्घटना, बीमारी या मृत्यु की स्थिति में बीमा आर्थिक सहारा देता है और परिवार को संकट से बचाता है। आकस्मिक जोखिम से बचावदुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या अचानक बीमारी कभी भी हो सकती है। बीमा इन जोखिमों को कम करता है और नुकसान की भरपाई करता है। महिलाएं परिवार की महत्वपूर्ण सदस्य होती हैं। यदि उनके साथ कुछ अनहोनी हो जाए, तो बीमा उनके बच्चों और परिवार को वित्तीय सहायता देता है। उन्होंने आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के बारे में बताया कि बीमा होने से महिलाओं में सुरक्षा की भावना आती है, जिससे वे बिना डर के अपने कार्य (जैसे खेती, पशुपालन, उद्यम) कर पाती हैं। बिहान की महिलाएं अक्सर छोटे व्यवसाय करती हैं (जैसे डेयरी, बकरी पालन, सब्जी उत्पादन)। बीमा से नुकसान का जोखिम कम होता है और वे व्यवसाय को आगे बढ़ाने में आत्मविश्वास महसूस करती हैं। जिला पंचायत एसआरएलएम के अधिकारी रेशम लाल नामदेव ने बताया कि सरकार ने महिलाओं के लिए कई सस्ती बीमा योजनाएं शुरू की हैं, जैसेः प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (जीवन बीमा) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (दुर्घटना बीमा)इन योजनाओं में कम प्रीमियम पर अच्छा कवर मिलता है।जब स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाएं बीमित होती हैं, तो पूरा समूह आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित बनता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने कृषि और पशुपालन के अलावा कई प्रकार की आजीविका गतिविधियों के बारे में बताया। प्रशिक्षण में जिले के बलौदा और बम्हनीडीह ब्लॉक के 30 कृषि सखी और पशु सखियां शामिल हैं।


जानकारी देते राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे।

* जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमवीरों एवं भूमिहीन कृषि मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाएं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अप्रैल 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर,रायपुर,दुर्ग,गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411